अमित शाह

सत्यमेव जयते

गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार

**दिनांक 30 नवंबर, 2025**

**संदेश**

होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के 63वें स्थापना दिवस का यह अवसर हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। यह दिवस मनाना स्वयं में विशेष प्रसन्नता का क्षण है, क्योंकि आज यह संगठन 10 लाख से अधिक सदस्यीय स्वयंसेवकों का एक सशक्त परिवार बन चुका है, जो राष्ट्र-सेवा के अपने दायित्वों को दृढ़ता, अनुशासन और उत्कृष्टता के साथ निरंतर निभा रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं नागरिक संरक्षण को सुदृढ़ बनाने के हमारे प्रयासों को गति देने में आपका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। आपकी सतत तत्परता, निष्ठा और राष्ट्र-हित सर्वोपरि रखने की भावना ने इन संगठनों को देश की कानून- व्यवस्था, प्रशासनिक तंत्र और आपदा-प्रबंधन के विश्वसनीय एवं अपरिहार्य सहायक स्तंभ के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

महाकुंभ, निर्वाचन ड्यूटी तथा बाढ़ एवं आपदा-स्थितियों जैसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आपकी त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया ने आपकी परिचालन क्षमता को निरंतर प्रमाणित किया है। ऑपरेशन अभ्यास तथा ऑपरेशन शील्ड जैसे मॉक ड्रिल ने संगठन की सामूहिक दक्षता और तत्परता का प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शन किया है। साथ ही, पश्चिमी सीमा पर सैन्य-अभ्यासों में बॉर्डर विंग होमगार्ड की भागीदारी ने उन्हें अनुभव, उत्कृष्ट समन्वय-कौशल और रणनीतिक दक्षता प्रदान की है।

इस महत्वपूर्ण दिवस पर, मैं आपके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र-सेवा की भावना के प्रति अपनी हार्दिक प्रशंसा व्यक्त करता हूँ तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा परिवार के उज्ज्वल, सुरक्षित और प्रेरणादायी भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

**(अमित शाह)**

कार्यालय : गृह मंत्रालय, नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली-110001
दूरभाष : 23092462, 23094686, फैक्स : 23094221
ई-मेल : hm@nic.in

Scanned with OKEN Scanner

गोविंद मोहन, भा.प्र.से.
GOVIND MOHAN, IAS

सत्यमेव जयते

गृह सचिव
Home Secretary
भारत सरकार
Government of India
नॉर्थ ब्लॉक / North Block
नई दिल्ली / New Delhi



## संदेश

गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के 63वें स्थापना दिवस के इस अवसर पर मैं इन संगठनों से जुड़े देशभर के अधिकारियों, कर्मियों एवं स्वयंसेवकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। आपकी निष्ठा और सेवा ने इन संगठनों को राष्ट्रीय सुरक्षा, सामुदायिक तैयारी और जनकल्याण के मजबूत प्रहरी के रूप में प्रतिष्ठित किया हैं। यह दिवस केवल आपके योगदान का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक शक्ति, अनुशासन और नागरिक विश्वास का प्रतीक है।

2. पिछले छह दशकों से गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा संगठन प्राकृतिक आपदाओं, आपात स्थितियों, बड़े सार्वजनिक आयोजनों और सामुदायिक कल्याण कार्यक्रमों में नागरिक प्रशासन और अग्रिम पंक्ति की एजेंसियों को सहयोग देते आए है।

3. वर्ष 2025 में आयोजित ऑपरेशन अभ्यास (7 मई) और ऑपरेशन शील्ड (31 मई) ने हमारे स्वयंसेवकों को चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करने का अमूल्य अनुभव प्रदान किया है। इन अभियानों ने उनके आत्मविश्वास को दृढ़ किया है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने की तैयारी को और अधिक मज़बूत बनाया है। ऐसे नियमित प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे कर्मी सदैव आवश्यकतानुसार महत्वपूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर रहें। विशेष रूप से सीमा विंग गृह रक्षक (BWHG) ने ऑपरेशन सिंदूर के पश्चात पश्चिमी सीमा पर भारतीय सेना के अभ्यास में भाग लेने से उनकी परिचालन दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

4. इन संगठनों से जुड़े स्वयंसेवकों के अनुशासन, साहस और सेवा-भाव से नागरिकों में विश्वास उत्पन्न होता है तथा कठिन परिस्थितियों का प्रभावी ढंग से सामना करने की सामूहिक क्षमता प्रदान करता है। जैसे-जैसे हमारा देश एक सुरक्षित और अधिक तैयार भविष्य की ओर अग्रसर हो रहा है, गृह रक्षक एवं नागरिक सुरक्षा की भूमिका और भी अधिक अनिवार्य हो जाती है।

5. इस विशेष दिन पर मैं आपकी निःस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए आभार व्यक्त करता हूँ। आप सदैव अपने कर्तव्य के उच्चतम मानकों को बनाए रखें तथा समुदायों और राष्ट्र की सुरक्षा एवं कल्याण में अपना योगदान देते रहें।

(गोविंद मोहन)

स्थान – नई दिल्ली।
दिनांक – 01.12.2025

Room No. 113, North Block, Central Secretariat, New Delhi-110001
Phone : +91-11-23093031, 23092989, E-mail : hshso@nic.in

Scanned with OKEN Scanner

Fire Services Civil Defence Home Guards

अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक
गृह मंत्रालय, भारत सरकार
पूर्वी खण्ड–VII, तल–7, आर. के. पुरम
नई दिल्ली–110066
दूरभाष : 011–26712851 / 26715303

Fire Services, Civil Defence & Home Guards
Ministry of Home Affairs, Govt. of India
East Block-VII, Level-7, R. K. Puram
New Delhi-110066
Phone : 011-26712851 / 26715303
E-mail : dgfscdhg@gmail.com
dg@dgfscdhg.gov.in

सुनील कुमार झा, भा.पु.से.
महानिदेशक

*Sunil Kumar Jha, IPS*
**Director General**



## MESSAGE

As we celebrate the 63rd Raising Day of the Home Guards and Civil Defence, I extend my warm greetings and sincere appreciation to all Directorates, officers, instructors and the dedicated volunteers who constitute these organisations. This occasion offers us an opportunity to commemorate our rich legacy of service and the remarkable role played in strengthening public safety and national resilience.

2. Over the decades, both organisations have steadily evolved into structured, skilled and community-rooted institutions that have contributed immensely to maintaining public order, supporting disaster response, conducting relief and rescue operations and assisting civil administration in crisis.

3. The successful conduct of *Operation Abhyas* (07 May 2025) and *Operation Shield* (31 May 2025) by volunteers nationwide provided invaluable real-time learning and capacity audit of preparedness and coordination mechanisms. Likewise, following Operation Sindoor, the participation of the Border Wing Home Guards (BWHG) in various exercises along the border has significantly enriched their exposure to operational environments.

4. Central to the strength of Home Guards and Civil Defence is the enduring spirit of volunteerism. In the coming times, expanding this spirit and creating greater avenues for meaningful engagement will be essential for strengthening our organisation.

5. This Directorate remains fully committed to further enhancing the preparedness of both organisations through capacity building, standardised training, resource allocation and the adoption of modern technologies. Together with the continued cooperation of the States, we shall strive to equip Home Guards and Civil Defence to meet emerging challenges with confidence and professionalism.

6. On this Raising Day, I once again extend my heartfelt appreciation to all volunteers and their families for their dedicated service to the nation.

1/12/2025

(Sunil Kumar Jha)


Place : New Delhi.
Date: 01.12.2025

Scanned with OKEN Scanner

हरिभाऊ बागडे
राज्यपाल, राजस्थान

सत्यमेव जयते

Haribhau Bagde
Governor, Rajasthan



दिनांक : 21नवम्बर, 2025

# संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि निदेशालय गृह रक्षा राजस्थान द्वारा गृह रक्षा स्थापना दिवस 6 दिसम्बर, 2025 को अपना 63वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है।

गृह रक्षा संगठन की देश की आंतरिक सुरक्षा और आपदा सेवाओं के साथ विभिन्न स्तरों पर निष्काम सेवा में महती भूमिका है। गृह रक्षा की मूल अवधारणा ही अहर्निश सेवा के साथ 'सर्व धर्म हितेः रतः' हैं। स्थापना दिवस इसी मूल ध्येय का स्मरण दिलाते निष्काम सेवा के संकल्प की प्रेरणा देता है।

मैं स्थापना दिवस पर संगठन में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों तथा उनके परिवारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं हैं।

(हरिभाऊ बागडे)

राज भवन, सिविल लाइन्स, जयपुर–302006
Raj Bhawan, Civil Lines, Jaipur-302006
दूरभाष : 0141–2228716–19, 2228611–12, 2228722

Scanned with OKEN Scanner

**बाबूलाल खराड़ी**
मंत्री
जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं
गृह रक्षा विभाग, राजस्थान सरकार

सत्यमेव जयते

दूरभाष : 0141-2227538 ( कार्या. )
मोबाइल : 7742130961
Email : ministertadraj@gmail.com
कार्यालयः 6206, मंत्रालय भवन,
शासन सचिवालय, जयपुर - 302005

**—:: संदेश ::—**

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि हम दिनांक 06.12.2025 को गृह रक्षा संगठन का 63वां स्थापना दिवस मना रहे है। परम्परागत रूप से गृह रक्षा स्वयं सेवक संकट के समय में राष्ट्र को मूल्यवान निःस्वार्थ सेवा प्रदान करते है।

**"निष्काम सेवा"** के ध्येय वाक्य पर आधारित इस संगठन की बढ़ती हुई उपयोगिता व लोकप्रियता के कारण आज यह राज्य का सबसे बड़ा सरकारी **"स्वयं सेवी संगठन"** है, जिसके वर्तमान में लगभग 30714 स्वयं सेवक नामांकित/कार्यरत है। गृह रक्षा स्वयं सेवकों ने प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर आन्तरिक सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों में सुरक्षा ड्यूटी देते हुए अपनी योग्यता का परिचय दिया है।

लोकसभा/विधानसभा चुनाव ड्यूटी में पुलिस के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर पूर्ण लगन एवं उत्साह के साथ अपनी ड्यूटी देते हुए शान्तिपूर्वक रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने में प्रशासन को सहयोग प्रदान किया है। जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है।

गृह रक्षा संगठन के वार्षिक दिवस के अवसर पर उनके आदर्श वाक्य **"निष्काम सेवा"** के साथ समुदाय और राष्ट्र को सशक्त बनाने की दिशा में सकारात्मक योगदान की अपेक्षा करता हूं।

मैं गृह रक्षा संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त अधिकारियों, कार्मिकों एवं स्वयं सेवक साथियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भविष्य के प्रयासों हेतु सफलता की कामना करता हूँ।

**"शुभकामनाओं सहित"।**

(बाबूलाल खराडी)
मंत्री

Scanned with OKEN Scanner

भास्कर ए. सावंत
आई.ए.एस

सत्यमेव जयते

अतिरिक्त मुख्य सचिव
गृह, गृह रक्षा, जेल, रा.रा. अन्वेषण ब्यूरो,
सहायता, आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा,
सैनिक कल्याण, न्याय एवं पदेन
मुख्य सतर्कता आयुक्त
राजस्थान सरकार

# संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि गृह रक्षा संगठन 06 दिसम्बर, 2025 को अपना 63वां स्थापना दिवस समारोह मना रहा है।

मुझे विश्वास है कि संगठन के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्वयं सेवक संगठन के मूल दर्शन **"निष्काम सेवा"** तथा **"सर्व धर्म हिते रत:"** के अनुरूप कार्य करते रहेंगें।

मैं गृह रक्षा संगठन के स्थापना दिवस समारोह के सफल आयोजन की मंगल कामना करता हूँ ।

शुभकामनाओं सहित।

सद्भावी

(भास्कर ए. सावंत)

कमरा नं. 5101, प्रथम मंजिल, मुख्य भवन, सचिवालय , जयपुर - 302005
फोन : +91-141-2227215, E-mail : acs-home@rajasthan.gov.in

Scanned with OKEN Scanner

मालिनी अग्रवाल
भा.पु.से.
महानिदेशक एवं महासमादेष्टा
गृह रक्षा, राजस्थान, जयपुर–302002
दूरभाष :0141–2605525 (कार्या.)


निष्काम सेवा


Malini Agarwal
IPS
Director General & Commandant General, Home Guards, Rajasthan, Jaipur-302002
Tel : 0141-2605525 (Office)
Email :- dg.hghq.rj@rajasthan.gov.in


DO.No. 122
Date : 01.12.2025

# संदेश

गृह रक्षा संगठन के 63 वें स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के इस विशाल स्वयं सेवी संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयं सेवकों को मैं शुभकामना प्रेषित करती हूँ।

गृह रक्षा संगठन की स्थापना 6 दिसम्बर 1962 को हुई थी। निष्काम सेवा के ध्येय वाक्य पर आधारित इस संगठन की बढ़ती हुई उपयोगिता के कारण आज यह राज्य का एक बड़ा स्वयं सेवी संगठन है, जिसके वर्तमान में 25417 सदस्य हैं।

गृह रक्षा स्वयं सेवकों ने प्रशासन एवं पुलिस के साथ मिलकर आन्तरिक सुरक्षा तथा कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है तथा विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों में सुरक्षा ड्यूटी देते हुए अपनी योग्यता का परिचय दिया है। स्वयंसेवकों ने राज्य में विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव एवं राज्य से बाहर हरियाणा में विधानसभा चुनाव एवं दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव ड्यूटी में पुलिस के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर पूर्ण लगन एवं उत्साह के साथ अपनी ड्यूटी देते हुए शान्तिपूर्वक रूप से चुनाव सम्पन्न करवाने में प्रशासन को सहयोग प्रदान किया है।

गृह रक्षा स्वयंसेवक सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात संचालन में पुलिस की सहायता कर रहे है, साथ ही इनकी दक्षता को दृष्टिगत रखते हुए कई अन्य विभागों जैसे कारागार विभाग, खनन विभाग, वन विभाग, थर्मल प्लांट, केयर्न एनर्जी इत्यादि में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया है। तथा राजकीय एवं निजि उपक्रमों ने उनकी विभागीय संपत्तियों की सुरक्षा के लिए गृह रक्षकों को जिम्मेदारी प्रदान की है।

हाल ही में **"ऑपरेशन सिंदूर"** के दौरान गृह रक्षा राजस्थान के स्वयंसेवकों की तैयारी तथा योगदान अत्यन्त सराहनीय रहा है, जिसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की जानी चाहिए ।

Scanned with OKEN Scanner

वर्तमान समय की सुरक्षा परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए मैं संगठन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विशेष रूप से स्वयं सेवकों को आह्वान करती हूँ कि वे अपने कार्यक्षेत्र में पूर्ण लगन तथा ईमानदारी से कर्तव्य का पालन करें तथा अपने आप को वर्तमान में प्रचलित नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए अपने आप को प्रासंगिक बनाये रखे। मैं यह भी आह्वान करती हूँ कि प्राकृतिक आपदाओं व आकस्मिक दुर्घटनाओं के समय गृह रक्षक आगे आकर आम नागरिकों की सहायता में जुटें, साथ ही सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान व पर्यावरण से जुड़े कार्यक्रमों में अपना सक्रिय योगदान दें। इससे हम संगठन की मूल अवधारणा **"निष्काम सेवा"** को साकार कर सकेंगे।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अनुशासन एवं कठिन परिश्रम से कानून व्यवस्था ड्यूटी के साथ अन्य महत्वपूर्ण डयूटियों में संगठन की दक्षता एवं उपयोगिता बढाने के लिए विभाग के सभी सदस्य सतत् रूप से प्रयासरत रहेंगे।

गृह रक्षा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मैं पुनः आप सभी को हार्दिक शुभकामनाऐं एवं बधाई प्रेषित करती हूँ।

मालिनी अग्रवाल

Scanned with OKEN Scanner